भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †4151
सोमवार, 27 मार्च, 2023/6 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन रेलगाड़ी

†4151. सुश्री मिमी चक्रवर्तीः
श्री शिशिर कुमार अधिकारीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश और विदेश के लोगों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों का विस्तार करने के क्रम में पर्यटन और स्वास्थ्य मंत्रालयों के सहयोग से देश में चिकित्सा पर्यटन विकसित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार ने देश में घरेलू चिकित्सा पर्यटन विकसित करने के लिए रेल और स्वास्थ्य मंत्रालयों की टीम गठित की है;

(घ) यदि हां, तो संबंधित प्रस्तावों और उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो सरकार का कब तक बड़े पैमाने पर देश के लोगों के लिए ऐसी कल्याणकारी पर्यटन योजना अथवा परियोजना विकसित करने का प्रस्ताव है;

(ङ) क्या सरकार को इस सम्बन्ध में देश में चिकित्सा पर्यटन रेलगाड़ी चलाने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(च) यदि हां, तो उस प्रस्ताव की क्या स्थिति है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): मंत्रालय ने चिकित्सा और निरोगता पर्यटन हेतु एक राष्ट्रीय कार्यनीति एवं रोडमैप तैयार किया है। इस कार्यनीति में निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों को अभिज्ञात किया गया हैः

(i). निरोगता गंतव्य के रूप में भारत के लिए एक ब्रांड विकसित करना
(ii). चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन के लिए ईको सिस्टम को मज़बूत बनाना
(iii). ऑनलाइन मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) पोर्टल की स्थापना द्वारा डिजीटलीकरण को संभव बनाना

(iv). मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के लिए पहुँच में वृद्धि करना

(v). निरोगता पर्यटन को बढ़ावा देना

(vi). शासन एवं संस्थागत कार्यढाँचा

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से मिली सूचना के अनुसार यह देश में मैडिकल वैल्यू ट्रैवल के संवर्धन के लिए अन्य मंत्रालयों तथा हितधारकों के साथ समन्वय कर रहा है। इस क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों को चिह्नित करने के लिए संबंधित मंत्रालयों, अस्पतालों, एमवीटी सुविधाप्रदाताओं, बीमा कंपनियों और एनएबीएच आदि के साथ हितधारक परामर्शों के अनेक दौर आयोजित किए गए हैं।

आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद तथा अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में मैडिकल वैल्यू ट्रैवल के संवर्धन हेतु साथ मिलकर कार्य करने के लिए भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं ।

(ग) और (घ): रेल मंत्रालय से मिली सूचना के अनुसार रेल मंत्रालय के पास ऐसा प्रस्ताव नहीं है ।

(ङ) और (च): रेल मंत्रालय ने सूचित किया है कि दक्षिण पूर्वी रेलवे में पंजीकृत एक सेवा प्रदाता ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेन योजना के तहत चिकित्सा पर्यटन ट्रेन चलाने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था । तथापि, यह प्रस्ताव भारत गौरव ट्रेन नीति की आवश्यकताओं के अनुकूल नहीं पाया गया ।

*****